उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com
सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

वेबसाइट : www.ushadoon.org

दिनांक अगस्त 16, 2015

दिनांक 14.08.2015 को सायं 05:00 बजे उषा सोसाईटी के क्लब हाऊस में आहूत उषा कार्यकारणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्त :–

बैठक में उपस्थिति :–

1. अध्यक्ष – श्री सुभाष जोशी
2. उपाध्यक्ष – श्री एल0एम0 पन्त
3. सचिव – श्री एस0पी0 सुबुद्धि
4. सदस्य – श्री ए0के0 राना

विशेष उपस्थिति :–

1. श्री इन्दु कुमार पाण्डे, पूर्व अध्यक्ष
2. श्री प्रेम दत्त रतूड़ी, पूर्व उपाध्यक्ष
3. श्री एन0 रविशंकर
4. श्री वी0सी0 गोयल
5. श्री रविन्द्र खन्डूजा, सी0ए0

कार्यकारिणी के श्री एस0के0 भगत–उपाध्यक्ष, श्री आर0के0 सुधान्शु–सदस्य एवं श्रीमती आकांक्षा सिन्हा, सदस्या कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो पाये। विगत गोष्ठी में उल्लिखित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कृत कार्यवाही की अध्यावधिक जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी गयी तत्पश्चात् निम्न बिन्दुओं पर विमर्श हुआ :–

बिन्दु संख्या 01 –उपलब्ध सूची के आधार पर जिन सदस्यों पर सोसाइटी का देय एक लाख से अधिक है उनके नाम धनराशि सहित Whats App पर डालने का निर्णय लिया गया है।

बिन्दु संख्या 02 –उषा सोसाईटी के अन्दर पौधारोपण एवं/वृक्षारोपण हेतु श्री ए0के0 राना की अध्यक्षता में श्री एस0पी0 सुबुद्धि एवं श्रीमती आकांक्षा सिन्हा की सदस्यता वाली तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जो अपनी आकलन रिपोर्ट आगामी ए0जी0एम0 में सोसाइटी के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। इस मध्य अवगत कराया गया कि पिछली मीटिंग में लिये गये निर्णयानुसार नींबू व जैक फ्रूट के पेड़ कुछ चिन्हित स्थानों पर रोपे गये हैं।

बिन्दु संख्या 03 –कालोनी के मुख्य प्रवेश मार्ग पर प्रयोग हेतु दाहिनी ओर वाला गेट आवागमन हेतु खोला गया था, जिसे विमर्श के उपरान्त पूर्व की स्थिति अनुसार बाँयी तरफ वाले को ही उपयुक्त पाते हुए आवागमन हेतु चालू रखने का निर्णय लिया गया।

बिन्दु संख्या 04 –क्लब एवं लॉन वाले क्षेत्र में जहाँ पर मिट्टी की आवश्यकता है वहाँ पर मिट्टी डलवाकर प्लान्टेशन का कार्य करने हेतु उपरोक्त गठित समिति ही निर्णय लेगी।

बिन्दु संख्या 05 –कालोनी में पालतू कुत्तों द्वारा कालोनी परिसर में गन्दगी फैलाये जाने के सम्बन्ध में भी विचार–विमर्श किया गया। जिन पर सभी उपस्थित महानुभावों द्वारा चिन्ता व्यक्त की गयी व सोसाइटी के सभी सदस्यों से पुनः अनुरोध करने का निर्णय लिया गया कि सदस्यगण अपने पालतू कुत्तों को घर के बाहर हमेशा बाँध कर घुमायें तथा कालोनी के पार्क/सड़कों पर गन्दगी न होने दें।

बिन्दु संख्या 06 –उपरोक्त के अतिरिक्त कालोनी के अन्दर क्षतिग्रस्त होने वाली केबलों की समस्या पर भी चर्चा की गयी, जो कुछ पुरानी होने के कारण एवं कुछ निर्माण कार्य में लापरवाही के कारण टूट रही हैं। निर्णय हुआ कि इस सम्बन्ध में यूपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों से भी सम्पर्क किया जाये।

बिन्दु संख्या 07 –कालोनी में वाई–फाई नेटवर्क के इंस्टालेशन की आवश्यकता जताई गयी। अवगत कराया गया कि कालोनी परिसर में इससे सम्बन्धित टावर के दुष्परिणामों के दृष्टिगत इस पर आम राय ली जानी आवश्यक है। इस बिन्दु को आगामी ए0जी0एम0 में चर्चा हेतु रखा जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु सं0 08 –कालोनी के मुख्य प्रवेश मार्ग के सौन्दर्यीकरण हेतु इस पर मेन–गेट के ऊपर 12 गुणा 6 का एक साइनेज–बोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया।

बिन्दु संख्या 09 –उपरोक्त के अतिरिक्त कालोनी परिसर व मुख्यतः खाली पड़े प्लाटों पर उगने वाली घास–फूस एवं उसके दुष्परिणामों पर भी चर्चा की गयी तथा मजदूर लगाकर इसे समय–समय पर साफ कराने का निर्णय लिया गया। सी0ए0 व अन्य सदस्यों द्वारा खाली प्लाटों के स्वामियों से सालाना अतिरिक्त व्यय वसूलने का सुझाव दिया गया। इस बिन्दु को भी ए0जी0एम0 में चर्चा हेतु रखा जायेगा।

बिन्दु संख्या 10 –साथ ही शिकायतों के सम्बन्ध में गार्ड रूम में रखे गये शिकायत रजिस्टर के बारे में सभी को अवगत कराया गया, जिसमें सम्बन्धित शिकायतकर्ता अपनी समस्याओं का उल्लेख कर सकते हैं। सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे श्री ओम प्रकाश अथवा अन्य स्टाफ को सीधे आदेश न दें और अपनी शिकायतों को शिकायत रजिस्टर में दर्ज करें।

बिन्दु संख्या 11–अवगत कराया गया कि मेन गेट के पास खाली पड़े स्थान पर स्टेट बैंक की शाखा, लॉकर आदि की सुविधा सहित खोलने व एटीएम स्थापित करने के सम्बन्ध में स्टेट बैंक, देहरादून के डी0जी0एम0 श्री दिवाकर से वार्ता हो चुकी है। सोसाइटी की ओर से उन्हें इस आशय का एक पत्र

प्रेषित करने का निर्णय लिया गया कि वे यथाशीघ्र अपना विस्तृत प्रस्ताव सोसाइटी को भेजें जिसे आगामी ए0जी0एम0 में विचारार्थ रखा जायेगा।

अन्त में सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर गोष्ठी समाप्त की गयी।

—हस्ता0—
(सुभाष जोशी)
अध्यक्ष,
उषा एसोसिएशन, देहरादून।

प्रतिलिपि—1— समस्त सदस्यगण

2— श्री रविन्द्र खण्डूजा, सी0ए0